# दिनांक 04.06.2021 को जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन" की बैठक का कार्यवृत्त :-

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में द्वारा जनपद सीतापुर के समस्त ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु योजनाओं के डी0पी0आर0 की स्वीकृति/संस्तुति एवं अन्य बिन्दुओं पर निर्णय हेतु बैठक आहूत की गयी। जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित रहे:-

1. श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2. श्री, राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3. श्री महमूद आलम, प्रभागीय वनाधिकारी, सीतापुर।
4. श्री कमलेश सिंह, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर।
5. श्री चौधरी राम सिंह, अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई/नलकूप खण्ड, सीतापुर।
6. श्री इन्द्रनारायण सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
7. श्री अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
8. श्री रामेश्वर सिंह, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रखण्ड, सीतापुर।
9. श्री लाल कमल, जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, सीतापुर।
10. श्री अजय प्रभाकर, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, निर्माण खण्ड, सीतापुर।
11. श्री रजनीश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लॉरसेन एण्ड टूब्रो, मनपक्कम, चेन्नई।
12. श्री चन्द्रशेखर राव, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5 वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि, भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु जनपद की पेयजल योजनाओं से छूटी अवशेष समस्त ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना का निर्माण कराया जाना है। जिसके कम में योजना निर्माण हेतु राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के पत्र सं0 2198/W-22 /NIT/2020-21 दिनांक 18.01. 2021 द्वारा जनपद हेतु संस्था चयन के क्रम में मे0 लॉरसेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई को 800 ग्रामों एवं मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5 वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद को 500 ग्रामों में कुल जनपद के 1300 ग्रामों की कार्य हेतु सूचीबद्ध किया गया है एवं ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु चयनित एजेन्सी को सहयोग करने हेतु इम्पलीमेनटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) के दायित्वों/गतिविधियों यथा जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणता नियंत्रण एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे, तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक सं0 2470/डब्ल्यू-314/जे0जे0एम0- आई0एस0ए0/2020-21 दिनांक 25.01.2021 द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। वर्तमान में निर्माण हेतु चयनित एजेन्सियों एल0 एण्ड टी0 एवं एन0सी0सी0 द्वारा क्रमशः 86 नग एवं 5 नग कुल 91 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति/संस्तुति हेतु कार्यवाही की जानी है। जिससे उपरोक्त डी0पी0आर0 शासन द्वारा स्वीकृत करते हुए योजना निर्माण की कार्यवाही अतिशीघ्र प्रारम्भ हो सके।

जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर द्वारा अपेक्षा की गयी कि, चयनित निर्माण एजेन्सियों द्वारा प्रेषित किये गये डी0पी0आर0 जिला विकास अधिकारी सीतापुर जांच/अवलोकनोंपरान्त आगे की कार्यवाही करायें। जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर द्वारा जिला विकास अधिकारी सीतापुर के साथ विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं उनके द्वारा अवगत कराये गये बिन्दुओं जैसे ग्राम पंचायत के अन्तर्गत राजस्व ग्रामों एवं प्रति व्यक्तियों लागत की जांच कर ली जाय। जिसके क्रम में समस्त बिन्दुओं पर गहन जांच कर सभी 91 नग डी0पी0आर0 उपयुक्त पाये जाने की जानकारी से जिला पेयजल स्वच्छता समिति को अवगत कराया गया। तदोपरान्त बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म मे0 लॉरसेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा 569 नग ग्राम पंचायतों जिसमें 800 राजस्व ग्राम एवं मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा 383 नग ग्राम पंचायतों को जिसमें 500 राजस्व ग्राम पेयजल से आच्छादित होंगे के विस्तृत डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यालय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सीतापुर को उपलब्ध कराये गये थे। डी0पी0आर0 का परीक्षण करते हुए डी0पी0आर0 में आवश्यक कमियों के निस्तारण उपरान्त नियमानुसार स्वीकृति/संस्तुति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराया जाना है। प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग,के शासनादेश सं0 1197/छिहत्तर-1- 2021-25 सम/2019, नमामि गंगे तथा गामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 21.05.2021 द्वारा निर्धारित प्रारूप पर योजनाओं का विवरण संलग्न है।

Scanned by CamScanner

कृपया तदानुसार 2 करोड़ से कम लागत की योजनाओं की स्वीकृति जिला पेयजल स्वच्छता समिति द्वारा करते हुए एवं एवं 2 करोड़ से अधिक लागत की योजनाओं की सूचना स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित संलग्न प्रारूप पर जिला पेयजल स्वच्छता समिति से कराते हुए राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को प्रेषित किया जाना है। जिसके क्रम में 87 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन एवं 04 नग जल निगम को तकनीकी अप्रेजल हेतु भेजने का निर्णय लिया। अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सीतापुर ने यह भी अवगत कराया कि डी0पी0आर0 बनाने का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की गाइड लाइन पत्रांक 1499/ई–46/2021 दिनांक 12.02.2021 एवं प्रमुख सचिव उ0 प्र0 शासन के पत्र संख्या 16/2021/948/छिहत्तर– 1–2021–25 सम/2019 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–। लखनऊ दिनांक 19 मार्च 2021 के तारतम्य में किया गया है।

अन्त में जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए, समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मे (एल0 एण्ड टी0 एवं एन0सी0सी0) एवं सहायोगी संस्थाओं को अपने–अपने दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये। जिससे भविष्य में योजंना निर्माण, जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणता नियंत्रण एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि में कठिनाई उत्पन्न न हो।

| | | |
|---|---|---|
| 04.06.2021<br>अधिशासी अभियन्ता,<br>निर्माण खण्ड,<br>उ0 प्र0 जल निगम,<br>सीतापुर<br>(सदस्य सचिव) | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | 04-06-2021<br>जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी<br>सीतापुर (सदस्य) |
| प्रभागीय वनाधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | जिला पंचायत राज अधिकारी,<br>सीतापुर(सदस्य) | अधिशासी अभियन्ता,<br>वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई/नलकूप<br>सीतापुर (सदस्य) |
| 4/6/2021<br>जिला विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | मुख्य विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | जिलाधिकारी,<br>सीतापुर (अध्यक्ष) |

पृ0सं0– / / दिनांक / /2021

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2. जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, सीतापुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई/नलकूप सीतापुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सीतापुर।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
7. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
8. सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रखण्ड, सीतापुर।
9. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी सीतापुर।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लॉरसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई।
11. मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5 वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।

जिलाधिकारी
सीतापुर

Scanned by CamScanner